दिल्ली पुलिस समाचार

अंक 110 मई-जून, 2016 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



योग करें और निरोग रहें

International Day of Yoga 21 June

Yoga For Harmony & Peace

पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, वांछित आपराधियों को गिरफ्तार करने व कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में दिल्ली पुलिस ने नये मुक़ाम हासिल किये हैं।



पुलिस मुख्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा।

पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस ने पिछले दिनों सफलताओं और उपलब्धियों के नए आयाम स्थापित किये हैं। उनका मार्गदर्शन और दिशानिर्देश अधिकारियों एवं कर्मियों को ईमानदारी, पारदर्शिता व निष्पक्षता से दायित्व निर्वाहन करने को प्रेरित करता है। पुलिस आयुक्त महोदय ने समय समय पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठकों में इस बात पर विशेष जोर दिया है कि राजधानी में अच्छी कानून–व्यवस्था के साथ–साथ अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के लिए कल्याणारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के साथ–साथ उनकी सेवा सुधार में भी यथासंभव कदम उठायें।

विभिन्न मौकों पर उन्होंने कहा है कि नागरिकों को सुरक्षा देना और उनके मन में पुलिस के प्रति विश्वास जागृत करना हमारा नैतिक दायित्व है। हमें ऐसे अच्छे कार्यों को अंजाम देना चाहिए कि आम नागरिक हमारी प्रशंसा और सहयोग करने के लिए स्वयं आगे आये। बीट कांस्टेबल व डिविजन अफसर नागरिकों के साथ नियमित बैठक करें और सम्पर्क बनाए रखें। इसके साथ हर पुलिस अधिकारी नागरिकों को मिलने के लिए दिये गये अपने समय का सम्मान करें। यदि किन्हीं कारणों से निर्धारित समय में मिलने के लिए उपलब्ध न हो तो पूर्व में अगले समय व दिवस के बारे में सूचित करें। अपराधियों की धरपकड़ हेतु अपने लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। रात्रि गश्त के दौरान मोटरसाइकिलों, ईवीआर तथा क्यूआरटी का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आम लोगों के बीच पुलिस की उपस्थिति नज़र आनी चाहिए। सुबह व शाम के समय स्कूलों, महिला प्रतिष्ठानों, प्रतिष्ठित संस्थाओं, वृद्धाश्रमों, प्रमुख पार्कों के आस–पास पुलिस की उपस्थिति हो ताकि बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी महिलाओं के बीच सुरक्षा की भावना उत्पन्न हो और किसी भी प्रकार के उपद्रव को समय रहते तत्काल रोका जा सके। पुलिस आयुक्त महोदय ने इस बात पर विशेष जोर दिया है कि इलाके के बीसी, कुख्यात अपराधी, आदतन अपराधी, वांछित अपराधी पर नियमित निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही ऐसे अपराधियों के मामलों में माननीय अदालत से उनकी जमानत तक रद्द करने की सिफारिश करनी चाहिए। मादक द्रव्य तस्करों व सप्लायरों को पकड़ने के लिए जमीनी स्तर पर सूचनाएँ एकत्रित करने के लिए बीट व डिवीजन स्टाफ को संदिग्धों पर ध्यान केन्द्रित करने के अलावा इलाके के लोगों का विश्वास अर्जित करने की दिशा में काम करना चाहिए।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक मीटिंग में पुलिस आयुक्त महोदय ने निर्देश दिये कि सभी पुलिस कॉलोनियों और पुलिस भवनों में एक नोटिस बोर्ड लगाया जाए ताकि उस बोर्ड पर कॉलोनियों की मरम्मत आदि के लिए स्वीकृत राशि और खर्च का उल्लेख किया जा सके। इसके साथ ही पुलिस कॉलोनियों में रहने वाले निवासी यह भी जान सके कि उनकी कॉलोनी के कार्यो के लिए कितनी धनराशि किस काम के लिए स्वीकृत हुई है और कितनी धनराशि शेष है। एस्टेटस् ऑफिसर्स के साथ एक मीटिंग में निर्णय लिया है कि विशेष मरम्मत के कार्यो के लिए प्राथमिक आधार पर प्रपोज़ल्स् तैयार करें ताकि उन प्रपोज़ल्स् को पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा अवलोकन उपरांत उन्हें अग्रिम कार्यवाही हेतु गृहमंत्रालय भेजा जा सके। पुलिस कॉलोनियों में छोटे–मोटे मरम्मत के कार्यो के लिए फंड सभी जिला/यूनिटों को आवंटित कर दिया गया है। सभी संबंधित एस्टेटस् ऑफिसर्स को भी निर्देश दिये गये हैं कि वे दिये गये सभी बिदुओं पर तत्काल कार्रवाही करें और इस संबंध में पुलिस मुख्यालय को भी सूचित करें।

अपने अधीनस्थ कर्मियों के प्रति उनकी सकारात्मक सोच का ही परिणाम है कि विभिन्न मौकों पर ड्यूटी के दौरान अपनी

कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अच्छी सूझबूझ का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने वाले 17 पुलिसकर्मियों को बारी से पहले तरक्की देकर प्रोत्साहित किया गया। बारी से पहले तरक्की देने के अलावा नई दिल्ली नगर पालिका के एस्टेट ऑफिसर मौ0 मोइन खान की हत्या सुलझाने और गीता कॉलोनी फ्लाई ओवर पर कां0 भीमाराम को गोली मारने वाले बदमाशों को पकड़ने वाली टीमों के साथ बहुत से अन्य कर्मियों को अपने कार्यालय में बुलाकर शाबाशी दी और आश्वासन दिया कि ऐसे सभी पुलिसकर्मियों को सदैव पहचान व प्रशंसा मिलेगी जो विभाग का नाम रोशन करेंगे। यह उनके सतत् मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उत्तर–पश्चिमी जिला इलाके में बदमाशों से डटकर मुकाबला करने वाले एक आंशिक दृष्टिवान छात्र शाकिर हुसैन व एक बहादुर लड़की राखी को 20–20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है। पुलिस आयुक्त महोदय ने कई मौकों पर इस बात को दोहराया है कि चाहे अपराध शाखा हो या स्पेशल सेल किसी भी जिला/यूनिट में किसी भी तैनात पुलिसकर्मी द्वारा किये गये प्रशंसनीय व अनुकरणीय कार्य को अंजाम दे तो उसे मेरे संज्ञान में लाया जाए ताकि उसे समुचित पुरस्कार से सम्मानित किया जा सके। पुलिस आयुक्त द्वारा पिछले दिनों दिये गये दिशा–निर्देशों ओर मार्गदर्शन से पुलिस बल में नए जोश व स्फूर्ति का संचार हुआ है जो न केवल पुलिस विभाग के लिए बल्कि समाज के लिए भी हितकर सिद्ध होगा।

कम्यूनिटी आउटरिच के सन्दर्भ में पुलिस आयुक्त महोदय का यह कहना भी सर्वथा उचित है कि पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने अधिकार क्षेत्र में रहने वाले विभिन्न समुदायों के नागरिकों से निरंतर मिलना–जुलना चाहिए। इसके अलावा राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) और अन्य अति विशिष्ठ नागरिकों (वीआईपी) द्वारा प्राप्त संदर्भों का जिला/यूनिटों द्वारा समय पर प्रत्युत्तर भेजा जाना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा चलाये गये इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न मौकों पर पुलिस आयुक्त स्वयं भी मौके पर पहुंचे और विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि समिति की सदस्याओं ने पुलिस परिवारों की महिलाओं और बच्चों का मन व विश्वास जीतने का बेहतरीन प्रयास किया है। उन्होंने प्रसन्नता ज़ाहिर किया कि समिति की प्रत्येक पदाधिकारी सदस्याओं ने समिति द्वारा संचालित सभी क्रिया–कलापों को सफल बनाने में अपनी–अपनी भागीदारी को शानदार ढंग से निभाया। पुलिस आयुक्त महोदय ने समिति द्वारा संचालित गतिविधियों में पुलिसकर्मियों के साथ–साथ उनके परिवारों से भी खुलकर बात करके उनकी समस्याओं को सुनने और विभिन्न प्रकार की प्रतिभाओं से परिचित होने पर खुशी प्रकट की। उन्होंने कहा कि हालांकि मेरा सदैव यही प्रयास रहा है कि मैं, पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के सुख–दुखः में शरीक रहूँ और उनकी समस्याओं को जानकर उनका निदान निकाल सकूं। इसीलिए पिछले दिनों मेरा स्वयं का भी यह प्रयास रहा कि पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा संचालित की जा रही रचनात्मक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में मैं भी शामिल रहूं और पुलिस कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों की समस्याओं को जान सकूं।

पिछले तीन महीनों में पुलिस परिवार कल्याण समिति ने दिल्ली पुलिस की विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में जो ग्रीष्मकाल शिविर आयोजित किये हैं वे सब प्रशंसनीय एवं सरानीय है। क्योंकि इन शिविरों के माध्यम से पुलिस परिवारों से जुड़ी महिलाओं को न केवल स्वावलंबी बनाने में बल्कि युवाओं को नई दिशा और उचित मार्गदर्शन में भी मदद मिली है। इन शिविरों में महिलाओं को जहां जूट बैग, मोमबती, मसाले बनाने, कम्प्यूटर ज्ञान अर्जित करने और कढ़ाई–सिलाई के हुनर सीखे वहीं हमारे नौनिहालों ने योग, नृत्य, सुलेख प्रतियोगिताओं में अपना कौशल दिखाया और क्रिकेट, फुटबाल व बैडमिंटन जैसे खेल स्पर्धाओं में भी अपनी प्रतिभाओं से रूबरू कराया। दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने ग्रीष्मकाल शिविरों में दिल्ली सुप्रसिद्ध अस्पतालों के अनुभवी डाक्टरों की मदद से जांच शिविर आयोजित किये जिनमें पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के दांत, आंख, ब्रेस्ट कैंसर, टी.बी. बी.पी व शूगर जैसी बीमारियों की निःशुल्क जांच कराई गई। समिति की यह निःस्वार्थ भावना निःसंदेह प्रशंसनीय और सराहनीय है।

दिल्ली यातायात पुलिस ने भी ग्रीष्मकाल के दौरान सड़क सुरक्षा सप्ताह या पखवाड़े के कार्यक्रम आयोजित कर हजारों स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का सफल प्रयास किया है। बच्चों को बुनियादी स्तर पर ही यातायात नियमों की उनके स्वयं के लिए या दूसरों के लिए कितना महत्व रखते हैं, बताया गया। इस वर्ष दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान लगभग 4000 वाहन चालकों एवं स्कूली बच्चों को निःशुल्क सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। जनहित में किया गया यह प्रयास वास्तव में सराहनीय है।

पुलिस आयुक्त महोदय ने 21 जून, 2016 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली पुलिस की अधिकांश पुलिस कॉलोनियों में योग शिविर आयोजित करने और ग्रीष्मकाल शिविरों में योग क्रियाओं एवं स्वच्छता अभियानों पर विशेष जोर पुलिस अधिकारियों/कर्मियों और समिति की पदाधिकारियों को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि योग से अभिप्रायः जोड़ से है, इसीलिए मुझे विश्वास है कि यह समिति अपने योग शिविरों के माध्यम से सभी पुलिस कॉलोनियों को एकसूत्र में जोड़ने में जरूर कामयाब होगी। मुझे खुशी है कि इस वर्ष योग दिवस पर केवल दिल्ली पुलिस के ही 16459 अधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वैच्छा से भाग लिया। थाना बाराखम्भा रोड सभागार में पुलिसकर्मियों के लिए ''दबाव प्रबंधन और घरेलू हिंसा से कैसे निपटे'' कार्यक्रम को भी काफी सराहा गया। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में 608 पुलिसकर्मियों ने मानसिक दबाव व घरेलू हिंसा से कैसे निपटा जाए का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला-ईकाईयों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।





21 जून, 2016 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्पेशल ब्रांच ने रामलीला मैदान में योग शिविर का आयोजन किया। इस विशाल योग शिविर में **पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा** मुख्य अतिथि थे। पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि सुखी व स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग एक महत्वपूर्ण कड़ी है। योग व शारीरिक अभ्यास को हर पुलिसकर्मी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए ताकि आप सब मानसिक व शारीरिक तौर पर दुरूस्त रह कर नागरिकों की सेवा कर सकें। इस योग शिविर में **विशेष पुलिस आयुक्त श्री बालाजी श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस मध्य जिला श्री परमादित्य, उपायुक्त पुलिस श्री रजनीश गुप्ता, अति०उपा०पुलिस श्रीमती अनिता राय,** मध्य क्षेत्र व स्पेशल ब्रांच के समस्त एसीपी व अधीनस्थ कर्मियों ने भाग लिया। आर्ट ऑफ लिविंग के योग टीचर और दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर सतबीर सिंह नौलखा ने मंच पर योग का प्रदर्शन किया।






International Day of Yoga
21 June
YOGA FOR HARMONY & PEACE

पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को योग टिप्स देते हुए योग गुरू सुरक्षित गोस्वामी

21 जून, 2016 को नई दिल्ली स्थित थाना बारहखम्भा रोड़ के सभागार में योग गुरू श्री सुरक्षित गोस्वामी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को योग के टिप्स बताये। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री ताज़ हसन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रवीन्द्र कुमार, अति. आयुक्त पुलिस श्री के.के. व्यास, उपायुक्त पुलिस श्री राजन भगत तथा अपराध शाखा के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। योग गुरू ने विभिन्न योग मुद्राओं की मदद से पुलिस कर्मियों को बताया कि किस तरह उठते बैठते या चलते फिरते भी हम योग क्रियाओं को करते हुए स्वास्थ्य लाभ पा सकते हैं।















विभिन्न जिला इकाईयों में आयोजित योग कार्यक्रम









योग दिवस पर योग की शुरूआत, सम्बोधन एवं योग गुरू से परामर्श




पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम







योग दिवस पर रसद एवं आपूर्ति इकाई में योग का आयोजन






पंचवटी योगाश्रम एवं नेचर केयर सेंटर द्वारा मालवीय नगर पुलिस कॉलोनी में योग शिविर आयोजित




सुरक्षा शाखा में योग करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मी









अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर द्वारका स्थित पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में पूर्वोत्तर राज्यों से दिल्ली पुलिस में शामिल हुई 136 महिला सिपाहियों ने योग शिविर में भाग लिया।





झाड़ौदा कलां स्थित पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में योग दिवस के अवसर पर योगा में स्वर्ण पदक विजेता हैड कां अजीत सिंह ने प्रशिक्षु सिपाहियों को योग कराया। इसी दिन 21 जून, 2016 को पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में बैच संख्या 107 व 108 के लगभग 776 प्रशिक्षु कांस्टेबलों ने योग शिविर में भाग लिया।




आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ परिसर में योग करते हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मी




उत्तर पश्चिमी जिला में योग करते हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मी

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविरों में आयोजित कल्याणर्थ गतिविधियों पर एक नज़र



समिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती शेफाली वर्मा



समिति की जनरल बॉडी मिटिंग में शिरकत करते हुए समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी



विकासपुरी पुलिस कॉलोनी में आयोजित एक जांच शिविर के दौरान श्री वर्मा एवं श्रीमती वर्मा को सम्मानित करते हुए समिति की सदस्यागण



शॉलीमार बाग पुलिस कॉलोनी में आयोजित एक शिविर के दौरान प्रतिभागी बालिका को पुरस्कार देते हुए पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा व अन्य वरिष्ठ अधिकारी



दिल्ली पुलिस बैंड कर्मियों का हौसला अफजाई करते हुए समिति की अध्यक्षा



समारोह के उपरान्त फुर्सत के क्षणों में



पौधारोपण के लिए प्रेरित करती हुई श्रीमती शेफाली वर्मा



स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टरों की टीम के साथ श्रीमती शेफाली वर्मा



समिति की सदस्याओं द्वारा निर्मित समान का निरिक्षण करते हुए श्रीमती शेफाली वर्मा



कार्यक्रम में भाग लेने वाली बालिका को सम्मानित करते हुए समिति की सदस्या



मालवीय नगर पुलिस कॉलोनी में वृक्षारोपण करते हुए श्रीमती शेफाली वर्मा एवं अन्य सदस्य



वृक्षारोपण करते हुए श्रीमती शेफाली वर्मा



ग्रीष्मकाल शिविर में निष्काम सेवा देने वाले सदस्यों के साथ समिति की पदाधिकारी



पुलिस कॉलोनी के बाल कलाकार



बच्चों द्वारा निर्मित मधुबनी पेंटिंग



हरियाणवी लोकनृत्य



पुलिस परिवार कल्याण समिति की वरिष्ठ सदस्यागण



नृत्य प्रस्तुत करते हुए पुलिस परिवार की बालिका

"तनाव प्रबंधन एवं घरेलू हिंसा से कैसे निपटे" विषय पर चार दिवसीय प्रोत्साहन कार्यशाला आयोजित





13 जून से 16 जून, 2016 के बीच थाना बाराखम्भा रोड के सभागार में **"तनाव प्रबंधन एवं घरेलू हिंसा से कैसे निपटे"** का चार दिवसीय प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिसकर्मियों के लिए आयोजित इस चार दिन के कोर्स में ईडिलवेसिस फाइनेंशियल सर्विस लिमिटेड के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा व्याख्यान दिये गये। कार्यशाला में उपस्थित लगभग 608 पुलिसकर्मियों को बताया गया कि अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के बीच संतुलन बनाया जाए और तनाव व घरेलू हिंसा से कैसे निपटा जाए। एक प्रमुख प्रेरक वक्ता श्री ब्रायन लोबो ने अपनी टीम के साथ जीवन के वास्तविक अनुभवों को साझा करते हुए पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित किया।









पुलिस मुख्यालय में जिम खुला



6 मई, 2016 को **पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा** ने पुलिस मुख्यालय की आठवीं मंजिल पर जिम का उद्घाटन किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री ए.के. सिंह श्री अमूल्य पटनायक, श्री ताज हसन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा व उपायुक्त पुलिस (मुख्यालय) श्री ज्ञानेंद्र सिंह अवाना** के अलावा भारी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। फिलहाल इस जिम में ट्रैडमील, मल्टिस्टेशन जिम, वेट प्लेट्स, रॉड जैसे 7 उपकरण रखे गये हैं। इस जिम से पुलिस मुख्यालय में तैनात पुलिस अधिकारी एवं जवान अपनी सुविधानुसार निर्धारित समय में लाभ उठा सकेंगे।

'स्मार्ट इनोवेटिव पुलिसिंग' के लिए दिल्ली पुलिस सम्मानित।

5 मई, 2016 को इंडियन चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) के सभागार में **'फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड'** समारोह आयोजित हुआ। समारोह में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री हरिभाई पृथीभाई चौधरी ने विभिन्न पुलिस संगठनों को आधुनिक परिवर्तनशील पुलिसिंग के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिल्ली पुलिस को **कम्युनिटी पुलिसिंग, लॉस्ट रिपोर्ट, ई–साथी, ई–बीट बुक, यातायात प्रहरी, यातायात प्रबंधन, मोबाइल एप, हिम्मत एप, सीवीआर जैसी इनोवेटिव पुलिसिंग** के लिए **'स्मार्ट इनोवेटिव पुलिसिंग अवार्ड'** के लिए सम्मानित किया गया। दिल्ली पुलिस की तरफ से विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री ताज हसन ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री हरिभाई पृथीभाई चौधरी से यह पुरस्कार ग्रहण किया।



साइबर क्राइम सम्बंधित मामलों की जांच पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।



आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा 6 जून से 10 जून 2016 के बीच साइबर अपराधों की जांच से संबंधित प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री ताज हसन, अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री अरूण कंपानी, उपायुक्त पुलिस डॉ रजनीश गर्ग, उपायुक्त पुलिस श्री राजीव रंजन** के अलावा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। पांच दिन चली इस कार्यशाला में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया कि कैसे साइबर अपराध से जुडे मामलों की जांच की जाए और क्या–क्या सावधानी बरतनी चाहिए।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा एवं ग्रीष्म अवकाश शिविरों का आयोजन





16 मई, 2016 को **पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा** ने बाबा खड़क सिंह मार्ग पर स्थित दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ट्रैनिंग पार्क में **''सड़क सुरक्षा जागरूकता ग्रीष्म कैम्प'' 2016** का उद्घाटन किया। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त (सतर्कता) श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था दक्षिणी परिक्षेत्र) श्री पी.कामराज, विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) श्री संदीप गोयल,** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया लि0, सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैनूफैक्चर्स तथा मारूति सुजुकी लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा ने लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देने और नियमों के प्रति जागरूक करने की दिशा में आयोजित इस कैम्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में बहुमूल्य जीवन सड़कों पर खत्म हो जाता है। ऐसे कैम्प बच्चों और युवाओं के लिए सबसे ज्यादा कारगर साबित होते हैं। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री संदीप गोयल** एवं **संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री शरद अग्रवाल** ने अपने सम्बोधन में बताया कि दिल्ली यातायात पुलिस प्रगति मैदान, बाल भवन, रोशनारा बाग, और पंजाबी बाग इलाके में स्थित यातायात प्रशिक्षण पार्को में बच्चों, युवाओं और नागरिकों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म कैंप के दौरान प्रतिभागियों के लिए प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जाएगी और भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ट्रैफिक ड्रिल, यातायात नियम, सड़क सुरक्षा के तरीके, सड़क संकेत व आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर वि0पु0आ0 श्री संदीप गोयल ने बताया कि गतवर्ष आयोजित ग्रीष्म कैंप में लगभग 2500 स्कूली बच्चे इससे लाभान्वित हुए थे और इस वर्ष भी हजारों की संख्या में बच्चे एवं युवा इस ग्रीष्म अवकाश का लाभ उठायेंगे।





सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन



दिल्ली यातायात पुलिस ने ग्रीष्म अवकाश के दौरान स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए 16 मई से लेकर 10 जून, 2016 के बीच दिल्ली के विभिन्न ट्रैफिक ट्रैनिंग पार्कों में सड़क सुरक्षा शिविर आयोजित किये। 16 मई, 2016 को **पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा** द्वारा टी.टी पार्क, बाबा खड़क सिंह मार्ग से इन शिविरों का उद्घाटन किया। टी.टी पार्क प्रगति मैदान, टीटी पार्क बाल भवन, टी.टी पार्क रोशनआरा रोड तथा टी.टी. पार्क पंजाबी बाग में आयोजित इन ग्रीष्म अवकाश शिविरों में बच्चों को जीवन में यातायात नियमों के पालन की महत्ता, अपना व अन्य का जीवन सुरक्षित रखने के लिए नियमों का अनुपालन करने, चित्रकला, भाषण, नुक्कड़ नाटक, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा जैसे विषयों के बारे में बताया गया है। दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के छठी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के 1551 बालक/बालिकाओं ने इसमें भाग लिया। सड़क सुरक्षा सप्ताह 2016 के दौरान आयोजित हुए इन शिविरों में **विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री संदीप गोयल व संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) श्रीमती गरिमा भटनागर** के मार्गदर्शन में भिन्न–भिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इंस्टीटयूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च, सराय काले खां द्वारा 10 जून, 2016 को आयोजित समापन समारोह में विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री संदीप गोयल मुख्य अतिथि थे। जिन्होंने स्कूली छात्र/छात्राओं को सम्बोधित किया। इस मौके पर मारूति सुजुकी के ईओ श्री आर.एस. कलसी, इंस्टीटयूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च के निदेशक श्री महेश राजौरिया तथा सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैनुफैक्चर्स के प्रबंधक निदेशक श्री सुगातो सेन भी उपस्थित थे।







तीन हजार छात्राओं को निःशुल्क आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण



उत्तर–पश्चिमी जिला पुलिस टीम ने **'अब नहीं है डरना'** कार्यक्रम के तहत लगभग 3 हजार छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु दिया। जिले के परिवर्तन प्रकोष्ठ ने मुकंदपुर इलाके में स्थित विभिन्न स्कूलों की छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक की छात्राओं को सार्वजनिक और घरेलू स्थानों पर **'गुड टच और बैड टच'** के बारे में बताया। उपायुक्त पुलिस श्री विजय सिंह ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लड़कियाँ किसी भी रूप से कमजोर नहीं है और वे अपने अंदर के मजबूत आत्मविश्वास से विपरीत परिस्थितियों का साहस के साथ मुकाबला करें। इस मौके पर एसीपी प्रशांत गौतम, एसीपी श्री अनिल कुमार मित्तल सहित काफी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



12 जुलाई 2016 को विभिन्न राज्यों के प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा से शिष्टाचार भेंट की।

एनडीएमसी अधिकारी की सनसनीखेज हत्या की वारदात सुलझाते हुए 24 घंटे के अंदर 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता



दक्षिणी–पूर्वी जिला पुलिस ने नई दिल्ली नगर पालिका के एस्टेट ऑफिसर मौ0 मोइन खान की सनसनीखेज हत्या की वारदात के षडयंत्र का 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। 16 मई, 2016 को नूर नगर एक्सटेंशन, जौहरी फार्म, जामिया नगर, दिल्ली के रहने वाले और नई दिल्ली नगर पालिका के एस्टेट ऑफिसर के पद पर कार्यरत मौ0 मोइन खान की उनके घर के निकट ही उनकी स्विफ्ट् डिज़ायर कार में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद इस संबंध में थाना जामिया नगर में मामला दर्ज किया गया और **एसीपी सरिता विहार श्री निधिन वासन** व **एसीपी न्यू फ्रेंडस कॉलोनी श्री अनिल यादव** के नेतृत्व में कई पुलिस टीम का गठन किया गया। **इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह, इंस्पेक्टर अतुल कुमार वर्मा, इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह, इंस्पेक्टर एशवीर सिंह, इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी, एसआई संदीप गोदरा, एसआई जनक सिंह, एसआई मनोज कुमार, हैडकां0 श्यामवीर, हैडकां0 हरेन्द्र, हैडकां0 नरेश, हैडकां0 जफरूदीन, कां0 विकास, कां0 अनिल कुमार ,कां0 दिलशाद तथा कां0 सुरेन्द्र** ने एक सरकारी अधिकारी की सनसनीखेज हत्या की वारदात को सुलझाने के लिए **उपायुक्त पुलिस दक्षिण–पूर्वी जिला श्री मनदीप सिंह रंधावा, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस श्री विजय सिंह** स्वयं कमान संभाले हुए थे जबकि सं**युक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेन्द्र पाल उपाध्याय** टीम को निदेर्शित कर रहे थे। **विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था दक्षिण परिक्षेत्र) श्री पी.कामराज** ने इस वारदात के बारे में संवाददाताओं को विस्तार से बताया कि इस वारदात के मुख्य सूत्रधार कनाट प्लेस स्थित 'कनाट' होटल के मालिक रमेश कक्कड़ सहित 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एनडीएमसी ने यह क्नाट होटल आरोपी रमेश कक्कड़ को 15 वर्ष पूर्व लीज पर दिया था और एग्रीमेंट की शर्त के मुताबिक 21 लाख रुपये सालाना और होटल की कमाई ज्यादा होने पर 23 प्रतिशत मुनाफा एनडीएमसी को देना था। लेकिन रमेश ने एग्रीमेंट का उल्लंघन करते हुए एनडीएमसी को करोड़े रुपये का चूना लगा दिया। इस संबंध में मामला अदालत के निर्देश पर एनडीएमसी द्वारा निपटाया जा रहा था। पुलिस टीम को पता चला कि मुख्य आरोपी रमेश कक्कड़ पर एनडीएमसी की तरफ से करोड़ों रुपये की पेनल्टी और लीज़ खत्म करने के मामले के बारे में मृतक मो.मोइन खान द्वारा ऑर्डर जारी करना था। अभियुक्त रमेश कक्कड़ ने एनडीएमसी के ईमानदार अधिकारी को करोड़ो का लालच देकर या मरवाने की धमकी देकर मामले को रफा–दफा कराने का भरसक प्रयास किया। परन्तु ईमानदार मोहम्मद मोइन खान टस से मस नहीं हुए और नियमों के मुतबिक ऑर्डर करने के अपने फैसले पर अड़िग रहे। मुख्य आरोपी रमेश कक्कड़ ने अपने पुराने विश्वासपात्र बाउंसर रामफूल से मिलकर खान की हत्या का षडयंत्र रचा। किन्तु हत्या के बाद सारे षडयन्त्रकारी पकड़े गए।

गीता कॉलोनी फ्लाई ओवर पर पुलिसकर्मी को गोली माने वाले बदमाशों को दबोचने वाली पुलिस टीम पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ



पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा ने 6 जून, 2016 को मध्य जिला पुलिस की एक टीम को अपने कार्यालय में बुलाकर उन्हें शाबाशी दी और प्रोत्साहित किया। 4 जून, 2016 को गीता कॉलोनी फ्लाईआवेर व राजघाट के आसपास 22 पुलिसकर्मियों की कई टीमें झपटमारी और लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। दोपहर के समय एक माटरसाइकिल पर दो संदिग्ध युवकों को आते देख जब एक पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया तो पिछली सीट पर बैठे बदमाश मनोज ने दरियागंज थाने में तैनात कां0 भीमाराम को गोली मार दी और भागने का प्रयास किया। हथेली में गोली लगने से कां0 भीमाराम घायल हो गये जिसे साथी पुलिसकर्मियों ने तत्काल लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती कराया और बदमाश मनोज को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ पर पता चला कि मौके से पकड़ा गया बदमाश बिहार निवासी मनोज मिश्रा 36 अपराधिक वारदातों में संलिप्त था। बाद में पुलिस टीम ने वारदात में शामिल दूसरे बदमाशों को भी गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

दो खूंखार ईनामी बदमाश ज्ञानेंद्र व राजीव दहिया को पकड़ने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित



8 जून, 2016 को **पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा** ने एक लाख रूपये के ईनामी बदमाश ज्ञानेंद्र उर्फ गडगू तथा राजीव दहिया उर्फ राजू को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को अपने कार्यालय में बुलाकर उनकी हिम्मत और कर्तव्यनिष्ठा के लिए उन्हें शाबाशी दी। इस संबंध में **संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री रवीन्द्र यादव** ने संवाददाताओं को बताया कि अपराध शाखा की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ ईनामी बदमाश बवाना नहर, खेड़ा खुर्द गांव के आसपास से वरना कार से गुजरेंगे। **उपायुक्त पुलिस श्री राजीव शर्मा** के मार्गदर्शन में **एसीपी जितेन्द्र सिंह** के नेतृत्व **में इंस्पेक्टर पूर्ण पंत, एसआई अजीत सिंह, संजय कुमार, एएसआई सुरेन्द्र, श्याम लाल, बहादुर शर्मा, हैडकां0 सतीश, नरेन्द्र, बिजेन्द्र कुमार, अनिल तथा कां0 सोनू, अनिल, परमिन्दर, सोहन, आनन्द एवं राघव** की टीम ने इन बदमाशों को पीछा किया और सैक्टर–27 रोहिणी में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद बदमाशों को धर–दबोचा। ज्ञानेंद्र एवं राजीव नामक दोनों बदमाशों ने हैडकां0 सतीश व कां0 सोनू पर फायरिंग करते हुए भागने का असफल प्रयास किया। पुलिस टीम ने हरियाणा के गांव मांठोठी निवासी ज्ञानेंन्द्र उर्फ राजू तथा दिल्ली स्वतंत्र नगर, निवासी राजीव दहिया को दबोचते हुए उनके कब्जे से 9 एमएम ब्राजील निर्मित लेजर टारस ऑटो मैटिक पिस्टल, यूएस आर्मी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाले .455 बोर की पिस्टल, 30 बोर की कारबाइन, 2 मैजगीन और 66 कारतूस बरामद करने में भी सफलता मिली।

विभिन्न जिला/इकाईयों में तैनात 17 पुलिसकर्मियों को बारी से पहले पदोन्नत।

16 मई, 2016 को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक आदेशानुसार विभिन्न जिला/इकाईयों में तैनात 17 पुलिसकर्मियों को बारी से पहले तरक्की दी गई है। इन जाबांज पुलिसकर्मियों ने विभिन्न मौकों पर अपने शौर्य, कर्तव्यपरायणता व अच्छी सूझबूझ का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है।

बारी से पहले तरक्की पाने वालों में शामिल हैं:



है.कां. अनिल कुमार
818/स्पेशल सेल



है.कां. लखविन्दर सिंह
508/अपराध शाखा



है.कां. प्रियवर्त
745/अपराध शाखा



है.कां. आजाद सिंह
120/अपराध शाखा



कां. कविन्दर पाल
843/अपराध शाखा



कां. सूरज
1461/अपराध शाखा



है.कां. सतीश कुमार
664/स्पेशल सेल



है.कां. सुरेश कुमार
995/स्पेशल सेल



है.कां. गुलाब सिंह
622/स्पेशल सेल



है.कां. सुभाष चन्द
625/स्पेशल सेल



कां. देवेन्द्र
956/स्पेशल सेल



कां. राजेश स्वरान
794/स्पेशल सेल



कां. सतेन्द्र सिंह
2643/बाहरी जिला



कां. किशोर सिंह
3588/बाहरी जिला



कां. प्रभात मलिक
2089/बाहरी जिला



कां. बलजीत सिंह
3017/बाहरी जिला



कां. अवरान सिंह
1186/बाहरी जिला

15 कुख्यात एवं वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने में दिल्ली पुलिस की शानदार सफलता

पिछले दिनों दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा एवं अन्य जिला/इकाईयों की पुलिस टीमों ने विभिन्न संगीन मामलों में शामिल 129 कुख्यात/खूंखार बदमाशों की एक सूची तैयार कर उसे सभी जिला/ईकाईयों में भेजा था ताकि इन वांछित बदमाशों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा सके। उस सूची के जारी होने के बाद 17 बदमाशों को गिरफ्तार करने में विभिन्न पुलिस टीमों को शानदार कामयाबी मिली। विभिन्न टीमों ने अपनी कार्यकुशलता और पेशेवर निपुणता का परिचय देते हुए 17 बदमाशों गिरफ्तार किया हैं, उनमें शामिल हैं:–

1. जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र कर्ण सिंह निवासी गांव पहाड गढ़ी, थाना खुर्जा, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश, यह अपराधी थाना अम्बेडकर नगर में दर्ज एक हत्या के मामले में गिरफ्तारी के बाद मार्च 2015 में मिली परौल के बाद से फरार चल रहा था। इस बदमाश को अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार किया।
2. अमन उर्फ लक्की निवासी नंद नगरी, दिल्ली नामक झपटमार को उत्तर–पूर्वी जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया।
3. महेश उर्फ भोली निवासी नरेला, दिल्ली लगभग 25 आपराधिक मामलों में शामिल है और थाना के.एन. काटूज मार्ग में दर्ज हत्या के मामले में वांछित अपराधी को अपराध शाखा की टीम ने धर–दबोचा।
4. गोविन्दा मजूमदार पुत्र बुधीर मजुमदार निवासी ट्रांजिट कैंप को दक्षिणी–पूर्वी जिला के थाना गोविंद पुरी में दर्ज एक हत्या के मामले में घोषित अपराधी को पश्चिमी बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया है।
5. प्रदीप सोलंकी उर्फ काला पुत्र जीत सिंह निवासी गोपाल नगर नजफगढ़ दिल्ली जो हत्या के मामले में वांछित था, विशेष प्रकोष्ठ की पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली।
6. नाजिस पुत्र फिरोज पहलवान निवासी मक्की सराय, शाहदरा, दिल्ली नामक लूटेरे को उत्तर पूर्वी जिला पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।
7. गोपाल गहलोत उर्फ पाले पुत्र रोहताश गहलोत निवासी स्वामी वाडा, गांव मितराउँ, दिल्ली नामक लूटेरे को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया।
8. अशोक पुत्र जोगिन्दर निवासी गांव मितराउँ, नजफगढ़, दिल्ली नामक गिरोह सरगना को स्पेशल सेल की टीम ने गिरफ्तार किया।
9. दीपक उर्फ आशू लाला पुत्र महीपाल निवासी गांव सहीपुर दिल्ली ने एमसीटी कॉलोनी जहांगीरपुरी दिल्ली नामक चोर/झपटमार को उत्तर–पश्चिमी जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है।
10. मो0 जमाल उर्फ रांझा पुत्र इकबाल गाजी निवासी न्यू सीलमपुर दिल्ली जो हत्या के एक मामले में वांछित था, को उत्तर–पूर्वी जिला पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।
11. अमित कुमार शर्मा पुत्र धर्मबीर शर्मा निवासी नबी करीम, पहाड़गंज दिल्ली नामक झपटमार को नई दिल्ली पुलिस जिला पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली।
12. प्रकाश उर्फ जीतू उर्फ आकाश निवासी दौलत राम निवासी मुलतानी ढांडा, पहाडगंज, दिल्ली नामक झपटमार को भी नई दिल्ली जिला पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में शानदार कामयाबी मिली।
13. जबरन वसूली के लिए कुख्यात कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के सक्रिय सदस्य विकास उर्फ पीके पुत्र बिजेन्द्र निवासी बक्करवारा दिल्ली को अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार किया।
14. दीपक डबास पुत्र रणबीर सिंह निवासी गांव माजरा डबास दिल्ली नामक लूटेरे को बाहरी जिला पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।
15. गुरबक्श उर्फ रिकूं पुत्र बहादुर सिंह निवासी वीर बाजार रोड, चन्दर विहा, नागलोई दिल्ली नामक बदमाश को गिरफ्तार करने में भी अपराध शाखा की टीम को सफलता मिली।

दिल्ली पुलिस ने पिछले दिनों विभिन्न संगीन और घृणित मामलों में शामिल 45 इनामी बदमाशों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। गिरफ्तार बदमाशों पर एक लाख से लेकर 10 हजार रुपये तक का पुरस्कार घोषित किये हुए थे।

अपराध शाखा की टीम ने हरियाणा पुलिस द्वारा घोषित एक लाख रुपये के इनामी बदमाश ज्ञानेन्द्र उर्फ गुडडू तथा उसके सहयोगी राजीव दहिया उर्फ राजू को गिरफ्तार करने में विशेष उपलब्धि प्राप्त की। इसके अलावा अपराध शाखा की पुलिस टीमों ने थाना अमन विहार में दर्ज मामले में वांछित और कुख्यात चैन झपटमार विक्की, कुख्यात महेन्द्र पहलवान गिरोह के सक्रिय सदस्यों उमेश उर्फ रमेश, अशोक उर्फ प्रधान और नरेश ठाकुर (थाना महेन्द्र पार्क के बीसी) को गिरफ्तार करने, थाना महरौली में दर्ज हत्या के प्रयास व दिन दहाड़े फायरिंग कर दहशत फैलाने की वारदात में शामिल राजेश नामक बदमाश को गिरफतार करने, दिल्ली, गुजरात, पश्चिमी बंगाल, छतीसगढ़, आंध्रा प्रदेश और राजस्थान में हुई लगभग 18 लूटपाट/डकैती की वारदातों में शामिल वासिम को गिरफ्तार करने, अपराध शाखा के एनडीपीएस के मामले में वांछित बदमाश छत्तीसगढ़ निवासी शांति एल.टिग्गा उर्फ डाकू उर्फ गुडडू उर्फ पहलवान को गिरफ्तार करने, विकास लंगपुरिया और घीरपाल उर्फ काना गिरोह के शार्प शूटर, अवैध वसूली और हत्यारे विकास उर्फ पी.के. को गिरफ्तार करने तथा थाना साइबर क्राइम हैदराबाद और थाना पश्चिम विहार में दर्ज धोखाधड़ी के 9 मामलों वांछित गिरोह का पर्दाफाश करने में अपराध शाखा की टीमों को शानदार कामयाबी मिली है। इन सभी बदमाशों पर 50–50 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था। अपराध शाखा ने नीरज सहरावत उर्फ राहुल उर्फ बंटी उर्फ वकील, अन्तर्राष्ट्रीय लुटेरे सोनू उर्फ घुंघरू, मेवाती गिरोह के साबिर अली उर्फ जावेद, कुख्यात ऑटो लिफ्टर मनोज ,हत्या के मामले में वांछित खुशीराम उर्फ विशाल उर्फ गोलू ,लूटपाट की वारदात में शामिल मुरादाबाद निवास शकील जिन पर 30–30 हजार रुपये का पुरस्कार शामिल था, को भी गिरफ्तार करने में बेहतरीन सफलता अर्जित की। अपराध शाखा की विभिन्न टीमों ने 20 से लेकर 10 हजार रुपये तक के कई और भी वांछित व कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

स्पेशल सेल की टीम ने थाना नजफगढ़ में दर्ज हत्या के एक मामले में वांछित और 50 हजार के इनामी बदमाश प्रमोद व सुखबीर सिंह मलिक को गिरफ्तार करने में अच्छी सफलता अर्जित की है। स्पेशल सेल की टीम ने ही थाना नजफगढ़ में दर्ज हत्या के एक मामले में वांछित अपराधी विक्रम सिंह अहलावत, थाना महेन्द्र पार्क में दर्ज हत्या के मामले में वांछित बदमाश नवीन गुर्जर, थाना महेन्द्र पार्क में दर्ज दिनेश की हत्या में शामिल सरजीव उर्फ संजू उर्फ नंदू, थाना नजफगढ़ में दर्ज हत्या के मामले में शामिल शार्प शूटर और गिरोह सरगना गोपाल गहलोत उर्फ पाले, थाना बेगमपुर में दर्ज हत्या के मामले में वांछित कुख्यात बदमाश अशोक उर्फ विनय बरवालिया, थाना गोकुलपुरी में दर्ज हत्या के मामले में वांछित बदमाश सलीम उर्फ बनिया को गिरफ्तार करने में शानदार कामयाबी पाई है। इसी तरह स्पेशल सेल की टीम खूंखार अपराधी प्रदीप सोलंकी व उसके पांच अन्य साथियों प्रदीप राठी उर्फ टोटा, अशोक गहलोत उर्फ मंजीत खांडेवाला, सुमित उर्फ पोलू उर्फ मोनू तथा सतेन्द्र उर्फ भिंडा नामक बदमाशों को भी एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में शानदार सफलता अर्जित की है। इन सभी बदमाशों की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50–50 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित हुआ था। इसके अलावा थाना छावला में फिरौती के लिए अपहरण की वारदात में शामिल विनोद उर्फ बन्नी, दिल्ली व गुडगांव में लूटपाट व झपटमारी की कई वारदातों में शामिल कुख्यात अपराधी गुलजार उर्फ जोजो जिन पर 30–30 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था, को गिरफ्तार किया है।

उत्तर पूर्वी जिला के थाना सीलमपुर पुलिस ने कडकडडूमा कोर्ट परिसर में शूट–आउट के मास्टरमाइंड और 6 अन्य संगीन वारदातों में शामिल फरार बदमाश मोहम्मद जमाल उर्फ रांझा की गिरफ्तारी दिल्ली पुलिस की शानदार उपलब्धि रही है। इस बदमाश पर मकोका के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का पुरस्कार घोषित किया हुआ था।

बाहरी जिला पुलिस ने अजय बरवाला गिरोह के सक्रिय और खूंखार बदमाश दीपक डबास जो 22 अन्य संगीन वारदातों में संलिप्त रहा है को गिरफ्तार कर अपनी पेशेवर निपुणता का परिचय दिया है। इस बदमाश की गिरफ्तारी पर पुलिस ने एक लाख रुपये का पुरस्कार घोषित किया हुआ था।

अपराध शाखा ने थाना अम्बेडकर नगर में दर्ज हत्या के एक मामले में उम्र कैद की सजा के बाद मिले पैरोल से फरार हुए बदमाश जितेन्द्र उर्फ जीतू जिस पर 50 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था, को गिरफ्तार करने में बेहतरीन सफलता पाई।

उत्तर–पूर्वी जिला के थाना वेलकम में दर्ज सनसनीखेज अपहरण, फिरौती और हत्या के मामलें में शामिल अभियुक्तों पर पुलिस आयुक्त, दिल्ली ने एक लाख रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। 17 वर्षीय छात्र अंकित गुप्ता के अपहरण और हत्या की वारदात को सुलझाने में पूर्वी जिला की स्पेशल टास्क फोर्स और थाना वेलकम पुलिस ने शानदार भूमिका अदा की।

उत्तर–पश्चिमी जिला के थाना महेन्द्रा पार्क में दर्ज हत्या के एक मामले में वांछित और 50 हजार रुपये के ईनामी बदमाश दीपक गुर्जर को गिरफ्तार करने में प्रशंसनीय कामयाबी मिली।

नागरिकों की शिकायतों को निर्धारित समय में धैर्यपूर्वक सुनें और उनका कानूनसम्मत तरीके से तत्काल निवारण करें।

31 मई, 2016 को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक परिपत्र के माध्यम से पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा ने आदेश पारित किये हैं कि सभी पुलिस अधिकारी नागरिकों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक व निष्पक्षता के साथ सुनें और उनका कानून–सम्मत तरीके से तत्काल निवारण भी करें। हर नागरिक चाहता है कि पुलिस द्वारा उसके साथ सहानुभूतिपूर्ण, शिष्टाचारपूर्ण और एक सहयोगी जैसा व्यवहार अमल में लाया जाए। इसके लिए एक संस्थागत ढ़ाचा तैयार किया गया है जिसके माध्यम से पुलिस मुख्यालय एवं थानों में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने–अपने कार्यालय में निर्धारित समय में नागरिकों की शिकायतों को सुनेंगे। सभी परिक्षेत्रों, जिलों/इकाईयों में तैनात यदि कोई पुलिस अधिकारी अवकाश के कारण या किसी अन्य विभागीय कार्य के कारण निर्धारित समय में शिकायतकर्ता से मिलने में असमर्थ है तो उक्त अधिकारी के बाद उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शिकायकर्ता की शिकायत को सुनेंगे। इसी तरह यदि कोई थानाध्यक्ष अवकाश के कारण या अन्य किसी जरूरी ड्यूटी के कारण थाने में उपस्थित नहीं है तो थाने में मौजूद अगला वरिष्ठ निरीक्षक शिकायकर्ता की शिकायत को सुनेगा।

पुलिस अधिकारी	समयः (सभी कार्यदिवसों में)
• पुलिस आयुक्त, दिल्ली (पुलिस मुख्यालय)	दोपहरः 12 बजे से 2 बजे के बीच
• विशेष पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था, सतर्कता, अपराध, यातायात एवं परिचालन,	दोपहरः 12 बजे से 2 बजे के बीच
• संयुक्त पुलिस आयुक्त० (सभी परिक्षेत्र), सतर्कता, अपराध, यातायात, एसपीयूडब्लूएसी, लाइसेंसिंग,	दोपहरः 12 बजे से 2 बजे के बीच
• अति० आ० पुलिस आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ	दोपहरः 12 बजे से 2 बजे के बीच
• उपायुक्त पुलिस (समस्त जिला), अपराध, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, यातायात, रेलवे, मैट्रो, पीसीआर, एयरपोर्ट, एसपीयूडब्लूएसी एवं स्पेशल ब्रांच	दोपहर : 03 बजे से 5 बजे के बीच
• समस्त सहायक आयुक्त पुलिस सब-डिविजन	दोपहर : 03 बजे से 5 बजे के बीच
• समस्त थानाध्यक्ष	दोपहर : 03 बजे से 5 बजे के बीच

अफ्रीकन समुदाय के नागरिकों की पुलिस आयुक्त से मुलाकात





पिछले दिनों दक्षिणी जिला में एक कांगो नागरिक की हत्या के बाद उत्पन्न हुई तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए दक्षिणी जिला पुलिस ने 30 मई व 1 जून, 2016 को मैदान गढ़ी, राजपुर खुर्द, खिड़की एक्सटेंशन व हौजरानी इलाके में रहने वाले अफ्रीकन समुदाय के साथ–साथ स्थानीय नागरिकों के साथ कई बैठकें आयोजित की। दक्षिणी जिला पुलिस द्वारा आयोजित इन बैठकों में स्थानीय गणमान्य नागरिक, अफ्रीकन समुदाय की महिलाएँ–पुरूषों के अलावा पुलिस की तरफ से **उपायुक्त पुलिस दक्षिणी जिला श्री ईश्वर सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस सुश्री नुपूर प्रसाद व अति0उपा0पुलिस श्री जैमी चिराम, एसीपी महरौली** सहित कई थानाध्यक्षों एवं बीट अफसरों ने भाग लिया। इस मौके पर पुलिस ने स्थानीय गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति आपसी भाईचारे की मिसाल के लिए विश्वविख्यात है। विभिन्नता में एकता की प्रतीक भारतीय संस्कृति में किसी के साथ भेदभाव करने की परम्परा कदापि नहीं है। पुलिस ने अफ्रीकन नागरिकों को भी विश्वास दिलाया कि दिल्ली पुलिस उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए मुस्तैद है और किसी भी आपात स्थिति में आप निकट के पुलिस स्टेशन के साथ–साथ विशेष हेल्पलाइन नं0 875087111 पर सम्पर्क कर मदद के लिए आग्रह कर सकते है। **अति.उप.पु. दक्षिणी जिला श्री संजय भाटिया** ने अफ्रीकन समुदाय के प्रतिनिधि मंडल को पुलिस आयुक्त से मिलाने और उनकी समस्याओं को उचित प्लेटफार्म पर रखने में अहम भमिका निभाई।

दक्षिण–पश्चिमी परिक्षेत्र में सम्पर्क सभा आयोजित





14 जून 2016 को संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिण–पश्चिमी परिक्षेत्र) श्री दीपेन्द्र पाठक ने अपने परिक्षेत्र के आरडब्लूए, गैर सरकारी संगठनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में इलाके में बच्चों में नशे की बढ़ती आदत, प्रकाश रहित स्थानों एवं अक्सर जाम लगने वाले बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर श्री दीपेन्द्र पाठक ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोगों की शिकायतों को धैर्य पूर्वक सुनें और उनका कानून सम्मत निदान करें।



28 मई, 2016 को गुरू गोविन्द सिंह कॉलेज, पीतमपुरा में यू–के–20 (डे एंड नाइट) क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली पुलिस (वरिष्ठ पुलिस अधिकारी) मीडिया (वरिष्ठ संवाददाता) न्यायपालिक (जज) व प्रशासनिक अधिकारियों (आईएएस) की टीमों ने हिस्सा लिया। दिन रात चले इस क्रिकेट मैंच में दिल्ली पुलिस की टीम विजयी रही जबकि स्पोर्टस कोच बाबर खान को मैच ऑफ द मैंच घोषित किया गया।



5 मई 2016 को मुस्लिम समुदाय के गणमान्य नागरिकों का एक प्रतिनिधिमण्डल ने पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा से पुलिस मुख्यालय में शिष्टाचार भेंट की।



17 मई 2016 को जापानी प्रतिनिधिमण्डल ने पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा से पुलिस मुख्यालय में भेंट कर एक दूसरे की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी सांझा की।

फोटो : रोज़र जोसफ

वर्ष 2016–17 के दौरान पुलिस कॉलोनियों एवं कार्यालयों में होने वाले मरम्मत के कार्यो के लिए फंड आवंटित।

दिल्ली पुलिस प्रशासन द्वारा अपनी छोटी–बड़ी 160 पुलिस कॉलोनियों एवं कार्यालयों में वर्ष 2016–17 के दौरान होने वाले मामूली मरम्मत के कार्यो के लिए गैर योजना मद (नॉन प्लानिंग) से मामूली कार्य के लिए कुल 24 करोड़ रूपये आवंटित किये हैं। नियमाानुसार आवंटित बजट का 75 प्रतिशत भाग रिहाईशी कॉलोनियों के लिए और 25 प्रतिशत पुलिस कार्यालयों के लिए स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा 8.10 करोड़ रूपये लोक निर्माण विभाग को मामूली मरम्मत (माइनर वर्क) के लिए आवंटित किये गये हैं। जैसा कि आपको विदित होगा कि 100 से कम आवासीय क्वार्टरों वाली पुलिस कॉलोनियों में मामूली मरम्मत का काम पुलिस विभाग द्वारा कराया जाता है जबकि 100 से ज्यादा आवासीय क्वार्टरों से ज्यादा वाली पुलिस कॉलोनियों का काम लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाता है।

वर्तमान में दिल्ली पुलिस की विभिन्न पुलिस कॉलोनियों और थाना परिसरों में भिन्न–भिन्न श्रेणी के कुल 15862 सरकारी क्वार्टर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को आवंटित हैं।



टाईप–I	5224
टाईप–II	8682
टाईप–III	1647
टाईप–IV	258
टाईप– V	46
टाईप– VI	05

इसके अलावा कई जगहों पर क्वार्टरों का निर्माण भी प्रगति पर है। इस बार एक विशेष बात यह भी रही कि **पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा** एवं दिल्ली पुलिस कल्याण समिति की **अध्यक्षा श्रीमती शेफाली वर्मा** ने शालीमार बाग पुलिस कॉलोनी में कई मौकों पर आयोजित स्वास्थ्य कैम्प, स्वच्छता अभियान और शिविरों में भाग लिया। इस दौरान वहाँ रहने वाले निवासियों के विशेष अनुरोध पर पुलिस कॉलोनी शालीमार बाग के रखरखाव, मरम्मत और सौंदर्यकरण के लिए 1.50 करोड़ रुपये अतिरिक्त आंवटित किये। सभी पुलिस कॉलोनियों में मरम्मत कार्यो के लिए बजट उस जिला/यूनिट को आवंटित किया जाता है जिसके अन्तर्गत वे आती है। फिलहाल पुलिस कॉलोनियों/कार्यालयों को आवंटित बजट इस प्रकार है:–

उत्तरी जिला	1.5 करोड़ रुपये	उत्तर–पूर्वी जिला	75 लाख रुपये
उत्तर–पश्चिमी जिला	3.00 करोड़ रुपय	पश्चिमी जिला	1.50 करोड़ रुपये
बाहरी जिला	1.50 करोड़ रुपये	पूर्वी जिला	1.50 करोड़ रुपये
नई दिल्ली जिला	1.50 करोड़ रुपये	दक्षिणी जिला	1.50 करोड़ रुपये
दक्षिण–पश्चिमी जिला	70 लाख रुपये	मध्य जिला	1.25 करोड़ रुपये
दक्षिण–पूर्वी जिला	1.50 करोड़ रुपये	अपराध शाखा	30 लाख रुपये
रेलवे	10 लाख रुपये	एसपीयूडब्लूएंडसी	20 लाख रुपये
सुरक्षा शाखा	20 लाख रुपये	आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ	25 लाख रुपये
यातायात	20 लाख रुपये	सातवीं वाहिनी	70 लाख रुपये
लाइसेंसिंग शाखा	5 लाख रुपये	प्रथम वाहिनी	2 लाख रुपये
द्वितीय वाहिनी	50 लाख रुपये	तृतीय वाहिनी	1.30 करोड़ रुपये
चौथी वाहिनी	30 लाख रुपये	पीटीसी, झड़ौदा कलां	10 लाख रुपये
पीटीएस वजीराबाद	5 लाख रुपये	पीसीआर	1.50 करोड़ रुपये
तथा संचार शाखा	5 लाख रुपये		

छोटी–मोटी मरम्मत (Minor work) का अभिप्राय : सरकारी पुलिस क्वार्टरों में नल, टूटी, पाइप, वाशवेसिन व पॉट आदि का बदलाव (Sanitary related work) फ्लोरिंग, सफेदी, दरवाजों व शीशों की मरम्मत, बिजली के स्विच व बोर्ड आदि की मरम्मत व बदलाव आदि का काम शामिल हैं। **सभी पुलिस कॉलोनियों में नोटिस बोर्ड लगाने के निर्देश :** पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा ने 10 मई, 2016 को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ हुई एक मीटिंग में उपायुक्त पुलिस (मुख्यालय) को निर्देश दिये कि सभी पुलिस कॉलोनियों में एक नोटिस बोर्ड लगाने की व्यवस्था की जाए ताकि उस नोटिस बोर्ड पर उस कॉलोनी के लिए स्वीकृत राशि का उल्लेख किया जा सके। इस सन्दर्भ में उपायुक्त पुलिस (मुख्यालय) द्वारा जारी परिपत्र (सं0 5478–991/लैंड एंड बिल्डिंग सेल, पीएचक्यू) जिला/यूनिटों को कहा गया है कि सभी अपनी–अपनी पुलिस कॉलोनियों में यथाशीध्र नोटिस बोर्ड लगाये और उस नोटिस बोर्ड पर स्वीकृत बजट का उल्लेख भी करें ताकि उस पुलिस कॉलोनी के निवासियों को यह जानकारी मिल सके कि उनकी कॉलोनी के लिए किस काम के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है।

















आईजीआई एयरपोर्ट मैट्रो पुलिस स्टेशन की नई बिल्डिंग का उद्घाटन।





पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा ने 18 मई, 2016 को आईजीआई एयरपोर्ट मैट्रो पुलिस स्टेशन की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर **डीएमआरसी के प्रबंधक निदेशक श्री मंगू सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी. कामराज, श्री अजय कश्यप, श्री बालाजी श्रीवास्तव, विशेष पुलिस आयुक्त श्री मुकेश कुमार मीणा** सहित दिल्ली पुलिस के काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। द्वारका मैट्रो स्टेशन के समीप निर्मित इस भवन के उद्घाटन के मौके पर मैट्रो के प्रबंधक निदेशक ने राजेन्द्र प्लेस मैट्रो स्टेशन पर हुई लूटपाट की वारदात को सुलझाने वाले पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को नकद पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रमुख श्री आलोक कुमार वर्मा व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मैट्रो में सवार होकर उद्घाटन स्थल पर पहुंचे।



दिल्ली मैट्रो पुलिस स्टेशनों पर तैनात सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा

स्थानांतरण, पदोन्नति एंव स्थाईकरण संबंधी खबरें।

पदमुक्तः 5 मई, 2016 को श्री सुधीर यादव (एग्मू–85) (विशेष पुलिस आयुक्त पीएंडएल) को महानिदेशक तिहाड़ जेल के पद के लिए पदमुक्त किया गया। है। 24 मई, 2016 को श्री एस.के.गौतम विशेष पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) को भी पुद्दुचेरी के लिए पदमुक्त किया गया है। 31 मई, 2016 को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार विशेष पुलिस आयुक्त (डीजी स्केल)(एग्मू कैडर–84) श्री दीपक मिश्रा को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में प्रतिनियुक्त पर अतिरिक्त महानिदेशक के पद के लिए पदमुक्त किया गया है। 31 मई, 2016 को श्री शरद अगवाल संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) को सीबीआई में प्रतिनियुक्ति पर डीआईजी पद के लिए पदमुक्त किया गया है। श्रीमती नुजहत हसन संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) को स्थानांतरित होने पर मिजोरम के लिए पदमुक्त किया गया है।

स्थानांतरणः 12 मई, 2016 को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार निम्नलिखित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है। श्री अजय कश्यप (1985) दिल्ली स्थानांतरित होने पर विशेष पुलिस आयुक्त (प्रोवि एंड लॉजिस्टिक)। श्री टी.एन. मोहन (1986) दिल्ली स्थानांतरित होने पर विशेष पुलिस आयुक्त (सुरक्षा)। श्री मधुप तिवारी (1995) दिल्ली स्थानांतरित होने पर संयुक्त पुलिस आयुक्त (पी. एम. सुरक्षा) श्री के.के.व्यास (2003) उपायुक्त पुलिस विशेष शाखा से उपायुक्त पुलिस (अपराध मुख्यालय)। श्री रजनीश गुप्ता (2006) दिल्ली स्थानांतरित होने पर उपायुक्त पुलिस (स्पेशल ब्रांच)। श्री एम.के.रिजवी (दानिप्स 1997) उपायुक्त पुलिस (अपराध मुख्यालय) से उपायुक्त पुलिस (लैंड एंड बिल्डिंग)।

1 जून, 2016 को जारी स्थानांतरण आदेशानुसार श्री विजय कुमार अति. उपा.पु. (दक्षिण–पूर्वी जिला) से उपायुक्त पुलिस यातायात, श्रीमती असलम खान अति.उपा.पु. उत्तरी जिला से उपायुक्त पुलिस यातायात, श्रीमती मोनिका भारद्वाज अति.उपा.पु. पश्चिमी जिला से उपायुक्त पुलिस पीसीआर, श्री आर. साथियासुदंरम उपायुक्त पुलिस यातायात से अति. उपा.पु. पूर्वी जिला, सुश्री ईशा पांडे अति.उपा.पु. मध्य जिला से अति.उपा. पु. उतरी जिला, श्री सागर सिंह कलसी अति.उपा.पु. बाहरी जिला से अति.उपा.पुलिस पश्चिमी जिला, श्री राजीव रंजन सिंह अति.उपा.पु. दक्षिण–पूर्वी जिला–II से अति.उपा.पुलिस दक्षिण–पूर्वी जिला–I, श्री मनोज सी. उपायुक्त पुलिस यातायात से अति.उपा.पुलिस दक्षिण–पश्चिमी जिला, श्री एम. हर्षवर्धन पदोन्नति के बाद अति.उपा. पुलिस दक्षिण–पूर्वी जिला, श्री निधिन वालसन पदोन्नति के बाद अति. उपा.पुलिस बाहरी जिला, डॉ0 अशोक मलिक अति.उपा.पुलिस पश्चिमी जिला से उपायुक्त पुलिस तृतीय वाहिनी, श्री एस.के.तिवारी उपायुक्त पुलिस तृतीय वाहिनी से सातवीं वाहिनी तथा श्री सुशील कुमार सिंह अति.उपा.पु0 अपराध से अति.उपा. विजिलेंस। श्री सुरेन्द्र सिंह यादव अति.आ.पु. भ्रष्टाचार से संयुक्त पुलिस आयुक्त सशस्त्र पुलिस।

स्थानांतरण : 28 जून, 2016 को जारी स्थानांतरण आदेश : श्री सुवाशीष चौधरी उपायुक्त पुलिस लाइसेंसिंग से उपायुक्त पुलिस डीईसेल, **श्री राजवीर सिंह चौहान** दिल्ली स्थानांतरित होने पर उपायुक्त पुलिस प्रथम वाहिनी, **श्री सत्यवीर सिंह कटारा** उपायुक्त पुलिस सुरक्षा से उपायुक्त पुलिस लाइसेसिंग, **श्रीमती अनिता राय** अति.उपा.पुलिस स्पेशल ब्रांच से अति.उपा.पु. II पश्चिमी जिला, **डॉ0 राजीव शर्मा** अस्थाई प्रभार उपा.पु0.अपराध से एस.ओ.टू.सीपी, दिल्ली।

29 जून, 2016 को जारी आदेशानुसार अधोलिखित पुलिस : अधिकारियों को अति0आयुक्त पुलिस का अस्थाई प्रभार, **श्री संग नोरबू मौसोबी** उपायुक्त पुलिस यातायात से अस्थाई प्रभार अति0आ0पु0 यातायात, **श्री बिनय कांत मिश्रा** प्रिसिंपल पीटीसी से अस्थाई प्रभार अति0आ0पु/प्रिसिंपल पीटीसी, **श्री भैरों सिंह गुज्जर** प्रिसिपल पीटीसी से अस्थाई प्रभार अति0आ0पु/प्रिसिंपल पीटीसी, **श्री रूपेन्द्र कुमार** उपायुक्त पुलिस डीईसेल से अस्थाई प्रभार अति0आ0पु0 यातायात, **श्री के.के.व्यास** उपायुक्त पुलिस अपराध शाखा से अस्थाई प्रभार अति0आ0पु0 अपराध शाखा, **डॉ0 ओमप्रकाश मिश्रा** उपायुक्त पुलिस ऑप्स/कॉमनिकेशन से अस्थाई प्रभार अति0आ0पु0 ऑपरेशन, श्री ब्रिजेश कुमार सिंह उपायुक्त पुलिस आर्थिक प्रकोष्ठ से अस्थाई प्रभार अति0आ0पु0 यातायात, **श्री ब्रहम सिंह** उपायुक्त पुलिस प्रथम वाहिनी से अस्थाई प्रभार अति0आ0पु0 आर्म्ड पुलिस।

बदमाशों का मुकाबला करने वाले छात्र शाकिर को पुलिस आयुक्त ने सम्मानित किया।

20 जून, 2016 को **पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा** ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लगभग 80 प्रतिशत दृष्टिहीन छात्र शाकिर हुसैन को अपने कार्यालय में बुलाकर 20 हजार रुपये नकद एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था उत्तरी) श्री एस.बी.के.सिंह, उपायुक्त पुलिस उत्तर–पश्चिमी जिला श्री विजय सिंह व थानाध्यक्ष मुखर्जी नगर वीर सिंह व उप–निरीक्षक सुभाष भी उपस्थित थे। 18 जून को मानसरोवर हॉस्टल में रह कर एमफिल कर रहे शाकिर रात लगभग 11 बजे जीटीबी नगर मैट्रो स्टेशन स्थित एटीएम से पैसे निकाल रहे थे कि अचानक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने उसका मोबाइल झपट लिया और फरार होने लगे।



शाकिर हुसैन ने फुर्ती दिखाते हुए एक बदमाश का कॉलर पकड़ कर नीचे गिरा दिया जबकि उसके दो साथी मोबाइल लेकर भाग गये। शाकिर द्वारा पकड़े गये बदमाश ने शाकिर को मुक्के मार कर मुक्त होने के लिए हरसंभव प्रयास किया। घायल शाकिर हुसैन द्वारा शोर मचाये जाने पर भीड़ एकत्रित हो गई और सूचना मिलने पर मुखर्जी नगर थानाध्यक्ष भी अपनी टीम सहित तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने बुराड़ी निवासी विजय गुप्ता नामक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ के आधार पर अन्य दो बदमाशों धीरज व पप्पू को भी धर–दबोचा।

बहादुर छात्रा को पुलिस आयुक्त ने सम्मानित किया



30 जून, 2016 को **पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा** ने मंगोलपुरी की रहने वाली एक द्वितीय वर्ष की छात्रा राखी को अपने कार्यालय में बुलाकर नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त (कानून– व्यवस्था उत्तरी परिक्षेत्र) श्री एस.बी.के.सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री संजय सिंह, उपायुक्त पुलिस विजय सिंह, थानाध्यक्ष मौर्या एन्कलेव के अलावा उस बहादुर लड़की के माता–पिता भी उपस्थित थे। 21 जून, 2016 को पीतमपुरा स्थित एक इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाली छात्रा राखी अपनी परीक्षा देकर पैदल कोहाट एन्कलेव की तरफ जा रही थी कि अचानक पीछे से एक एक्टिवा स्कूटी पर दो युवक आये और उसका मोबाइल फोन झपट कर भागने लगे। राखी ने बिना किसी खतरे की परवाह किये स्फूर्ति के साथ पिछली सीट पर बैठे युवक पर टूट पड़ी। इसी दौरान स्कूटी असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। परन्तु स्कूटी चालक अपने साथी को राखी के सामने दुर्बल समझते हुए स्कूटी के साथ मौके से फरार हो गया। सड़क पर एक लड़की को युवक के साथ भिड़ते देख भीड़ भी एकत्रित हो गई। निकट ही तैनात मौर्या एन्कलेव थाने दो पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे और बदमाश को पकड़ कर थाने ले आये। पकड़े गये बदमाश मंगालपुरी निवासी वासू से पूछताछ के आधार पर उसके साथी अभियुक्त को भी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त कार्यालय में सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं उसके अभिभावकों की उपस्थिति में राखी को पुलिस आयुक्त ने शाबाशी दी।

48 प्रोबेशनर एसआई पास-आउट



प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सामूहिक चित्र

6 मई, 2016 को झड़ौदा कलां स्थित पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में 48 प्रोबेशनर पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। **पीटीसी प्रिंसिपल श्री भैरों सिंह गुर्जर** ने परेड की सलामी ली और प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित किया। श्री गुर्जर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष ढंग से समाज की सेवा करें और पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग पर विशेष जोर दें। इसके साथ ही कमजोर वर्ग की रक्षा करते हुए अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निष्पादित करें। इनडोर व आउटडोर प्रशिक्षण में दक्ष बनाये गये इन प्रशिक्षणार्थियों में 24 सिक्कम पुलिस, 18 अंडमान एंड निकोबार पुलिस, 4 गोवा पुलिस, एक चंडीगढ पुलिस तथा एक दिल्ली पुलिस का प्रोबेशनर एसआई शामिल हैं। सिक्कम पुलिस के एसआई राजीव मुखिया को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी की ट्राफी से सम्मानित किया गया।

31 मई 2016 को पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा दिल्ली पुलिस से स्थानांतरित हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को उनके नए दायित्व की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए।



विशेष पुलिस आयुक्त श्री दीपक मिश्रा



संयुक्त पुलिस आयुक्त श्रीमती नुज़हत हसन



संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री शरद अग्रवाल

31 मई 2016 को सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी



एसीपी श्रीमती प्रेमलता (पीटीसी)



एसीपी श्री जयकिशन गौतम (तृतीय वाहिनी)



एसीपी श्री सुरेश कुमार यादव (यातायात)



एसीपी श्री रमेश चन्द्र (विशेष शाखा)



एसीपी श्री सूर्यकांत पाटिल (सातवीं वाहिनी)



इंस्पेक्टर प्रताप गौतम (पुलिस मुख्यालय)



एसीपी श्री सत्यदेव (पीसीआर)



एसीपी श्री नारायण सिंह परिहार (यातायात)

30 जून 2016 को सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी



एसीपी श्री अशोक कुमार शर्मा (पीएचक्यू)



एसीपी श्री रामअवतार मीणा (पीसीआर)



एसीपी श्री सतीश कुमार शर्मा (एफआरआरओ)



सम्पादक

सम्पादक : जन-सम्पर्क अधिकारी, दिल्ली पुलिस श्री राजन भगत
एवं सह-सम्पादक : उप-नि. सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।



सह-सम्पादक